प्रभात खबर रांची, मंगलवार, 2 नवंबर, 2010

कर्मचारियों पर निर्भर है संस्थान की उन्नति : प्रसाद

प्रतियोगिता के विजयी प्रतिभागियों के साथ अधिकारी.

रांची : किसी भी संस्थान की उन्नति उसके कर्मचारियों के काम के प्रति लगन, ईमानदारी और पारदर्शिता पर निर्भर करता है. यह बातें एचइसी के निदेशक विपणन भरत प्रसाद ने सोमवार को सतर्कता जागरूकता सप्ताह के समापन के अवसर पर कही. श्री प्रसाद ने कहा कि भ्रष्टाचार के बारे में अगर निगम के किसी कर्मचारी को पता चलता है तो वह तुरंत अपने उच्च अधिकारी को बतायें. मौके पर बीके नायक ने वार्षिक सतर्कता रिपोर्ट पेश की. कार्यक्रम के दौरान सप्ताह भर चले विभिन्न प्रतियोगिता के विजयी प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया.

एचइसी में सतर्कता जागरूकता सप्ताह संपन्न

विशेष पुरस्कार आरएल चौधरी को दिया गया. इस अवसर पर निदेशक वित्त आर मिश्रा, सीआइएसएफ के कमांडेंट एमएस कालरा, रवींद्र वर्मा आदि ने विचार रखे.

हिन्दुस्तान
रांची, मंगलवार, 02 नवंबर, 2010

पारदर्शिता के साथ काम करें: मिश्र

समारोह में उपस्थित एचइसीकर्मी।

रांची। कर्मचारियों व अधिकारियों को अपने कार्यों में पारदर्शिता लानी होगी। ईमानदारी, समर्पण के साथ काम करना होगा। तभी भ्रष्टाचार मिटेगा और कंपनी और देश का विकास होगा। उक्त बातें एचइसी के वित्त निदेशक आर मिश्र ने कही। वह एक नवंबर को सतर्कता जागरूकता सप्ताह के समापन समारोह को संबोधित कर रहे थे।

समारोह में सप्ताह के दौरान हुए विभिन्न प्रतियोगिता के विजेताओं को पुरस्कृत भी किया गया। निगरानी के वरीय उप महाप्रबंधक बीके नायक ने विभाग की गतिविधयों की रिपोर्ट भी प्रस्तुत की। समारोह में मार्केटिंग निदेशक भरत प्रसाद, सीवीओ रवींद्र वर्मा, सीआइएसएफ के सीनियर कमांडेंट एमएस कालरा, महाप्रबंधक प्रोजेक्ट एसआर सहाय, डॉ एस कृष्णा एवं अन्य उपस्थित थे।

दैनिक भास्कर रांची · मंगलवार, 2 नवंबर 2010

काम में पारदर्शिता रखें कर्मचारी

भास्कर न्यूज | रांची

एचईसी प्रबंधन की ओर से आयोजित सतर्कता जागरूकता अवधि सोमवार को संपन्न हो गया। समापन समारोह में निगरानी विभाग ने एचईसीकर्मियों से अपील किया कि अपने क्षेत्र में विजलेंस अफसर की तरह कार्य करें। साथ ही, भ्रष्टाचार को समाप्त करने के लिए काम में पारदर्शिता रखें। वाद-विवाद प्रतियोगिता के विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया। एचएमबीपी के सीनियर डीजीएम आरएल चौधरी को विशेष पुरस्कार प्रदान किया गया। मौके पर निदेशक वित्त आर मिश्रा, चीफ विजलेंस अफसर रवींद्र वर्मा, सीआईएसएफ के सीनियर कमांडेंट एमएस कालरा, जीएम प्रोजेक्ट एसआर सहाय आदि उपस्थित थे।

वादाखिलाफी का आरोप : हटिया मजदूर यूनियन के महामंत्री भवन सिंह ने एचईसी प्रबंधन पर वादा खिलाफी का आरोप लगाया है। सिंह ने कहा कि सप्लाई मजदूरों के डीए मर्जर से 27.67 रुपए की वृद्धि पर छह प्रतिशत डीए की रकम नहीं दी जा रही है, जो गलत है।

रांची एक्सप्रेस
रांची, मंगलवार 2 नवम्बर 2010

एचईसी में सतर्कता जागरुकता का समापन

रांची, 1 नवम्बर (रां.ए.सं.) : एचईसी में सतर्कता जागरुकता अवधि का समापन हो गया। समापन समारोह में कंपनी के निदेशक वित्त आर मिश्र, निदेशक (मार्केटिंग एवं उत्पाद) भरत प्रसाद विशिष्ट अतिथि एमएस कालरा वरीय कमांडेंड सीआईएमएफ एवं रविन्द्र वर्मा उपस्थित थे। इस अवसर पर निगम की सतर्कता रिपोर्ट प्रस्तुत की गयी। इस अवधि में वाद विवाद प्रतियोगिता आयोजित की गयी। मुख्य अतिथि ने पुरस्कार वितरित किया। वरीय उपमहाप्रबंधक (शिपिंग एवं रिमक्रेट डिपार्टमेंट) को विशेष पुरस्कार दिया गया।